1

निवेदन आप से

प्रस्तुत कविता में बच्चे भगवान से अवगुण दूर करके सद्गुण प्रदान करने की प्रार्थना कर रहे हैं।

हे प्रभु आनंददाता,
ज्ञान हमको दीजिए।
अवगुणों को हमारे,
दूर हमसे कीजिए।।

दीजिए वह मति हमें,
सद्गुणी बने संसार में।
मन हो अर्पण आप में,
और तन लगे उपकार में।।

खुशियों से झोली भरो,
सद्बुद्धि का दान दो।
प्रार्थना सुन लो हमारी,
हमको नव उत्थान दो।।

नन्हें बालक करें विनती,
हे परमेश्वर आप से।
आलोकित पथ करो हमारा,
है निवेदन आप से।

हम अकिंचन हैं खड़े प्रभु,
आज तेरे द्वार पे।
सद्भक्ति के पुष्प अर्पित,
करते हैं हम प्यार से।।

शिक्षा ईश्वर सर्वव्यापक एवं सर्वशक्तिमान है।

शिक्षण-संकेत

- बच्चों को ईश्वर की सत्ता के विषय में बताते हुए उन्हें प्रतिदिन ईश्वर-भक्ति करने की सलाह दें।

शब्द-पोटली

सद्गुण	– अच्छे गुण	अर्पित	– भेंट करना	अवगुण	– बुरे गुण
निवेदन	– अनुरोध	सत्कार	– अच्छे काम	उपकार	– भलाई
विनती	– प्रार्थना	मति	– बुद्धि	सत्पथ	– अच्छा रास्ता
अकिंचन	– खाली हाथ	नव	– नया	उत्थान	– प्रगति

अभ्यास

संकलित मूल्यांकन

पाठ बोध

1. इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

मौखिक

(क) बच्चे प्रभु को क्या कहकर संबोधित कर रहे हैं?

(ख) बच्चे प्रभु से क्या दूर करने की प्रार्थना कर रहे हैं?

(ग) बच्चे कहाँ खड़े हुए हैं?

(घ) बच्चे प्रभु से कैसा दान देने की बात कर रहे हैं?

लिखित

(क) बच्चे प्रभु से क्या-क्या देने की प्रार्थना करते हैं?

____

(ख) बच्चे प्रभु से झोली में क्या भरने की प्रार्थना कर रहे हैं?

____

(ग) बच्चे प्रभु को क्या अर्पित करना चाहते हैं?

____

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए:

(क) हे प्रभु _______________,
_______________ दीजिए।
अवगुणों _______________,
_______________ कीजिए।।

(ख) _______________ विनती,
हे _______________।
_______________ करो हमारा,
है _______________।।

3. सही वाक्य के आगे ✓ और गलत के आगे ✗ लगाइए:

(क) बच्चे प्रभु से अवगुणों को दूर करने के लिए कह रहे हैं। ☐

(ख) बच्चे संसार में अवगुणी बनने की प्रार्थना कर रहे हैं। ☐

(ग) झोली को खुशियों से भरने को कह रहे हैं। ☐

(घ) हमारा पथ आलोकित न हो। ☐

भाषा बोध

1. विलोम शब्द लिखिए:

सद्गुण × ____________ उत्थान × ____________ प्रेम × ____________

ज्ञान × ____________ खुशी × ____________ अवगुण × ____________

2. समानार्थी शब्द लिखिए:

गति ____________ पथ ____________ संसार ____________

प्रभु ____________ खुशी ____________ प्रार्थना ____________

3. कविता में से चार सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए:

____________ ____________ ____________ ____________

रचनात्मक मूल्यांकन

मौखिक अभ्यास

- निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध उच्चारण कीजिए तथा लिखिए:

आनंददाता ____________ अवगुणों ____________ सद्गुणी ____________ अर्पण ____________ अकिंचन ____________

चित्रात्मक कार्य

- सूर्योदय का चित्र बनाकर रंगों से सजाएँ।

मूल्यपरक प्रश्न (VBQ)

- हमें सुबह उठकर किसको प्रणाम करना चाहिए और कैसे? इस पर अपने भाव स्पष्ट कीजिए।

जीवन कौशल (Life SKill)

- प्रातःकाल जल्दी उठकर तथा स्नान करके भगवान का भजन किया करें। रात्रि के सोने से पहले एक बार फिर भगवान का स्मरण करें।